RAJASTHAN HIGH COURT
सत्यमेव जयते

**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
AT JODHPUR**

S.B. Civil Writ Petition No. 14435/2026
CNR: RJHC010661682026 | URN: CW / 26352U / 2026

Pradeep Sonel

----Petitioner

Versus

State Of Rajasthan

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Mahesh Thanvi<br>Ms. Prgya Thanvi |
| For Respondent(s) | : | None Present for Res. No. 2 & 3 |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**Judgment / Order**

**27/07/2026**

विद्वान अधिवक्ता याची का निवेदन है कि याची द्वारा जोधपुर विकास प्राधिकरण में कार्यरत संविदाकर्मी स्वरूप जोशी के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी, लेकिन कालांतर में प्राधिकरण से कोई सहयोग नहीं मिलने पर पुलिस में कार्यवाही नहीं चाहने बाबत् निवेदन किया गया था, जिसमें याची की कोई दुर्भावना नहीं थी, अतः ऐसी स्थिति में जो आरोप–पत्र विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही के अनुक्रम में दिया गया है वह आधारहीन है, इस प्रकार कार्यवाही को स्थगित किए जाने का निवेदन किया।

प्रत्यर्थी क्रम 2 व 3 पर नोटिस तामील हो चुके हैं, परंतु उनकी ओर से कोई उपस्थित नहीं है। प्रत्यर्थी क्रम 1 पर तामील शेष है।

अतः प्रत्यर्थी क्रम 1 को सामान्य प्रक्रिया के साथ–साथ स्पीड पोस्ट से नोटिस जारी किये जावें, इस हेतु याची पक्ष की ओर से पी.एफ नोटिस व डाक शुल्क आदि आज से तीन दिन में पेश किया जावे।

संपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए आरोप–पत्र दिनांक 15.06.2026 के संबंध में अग्रिम कार्यवाही को मात्र आगामी पेशी तक स्थगित रखा जाता है।

RAJASTHAN HIGH COURT

आगामी पेशी पर प्रत्यर्थीगण के उपस्थित आने पर उन्हें सुनकर आवश्यकतानुसार नए सिरे से अंतरिम/अंतिम आदेश पारित किया जायेगा।

प्रकरण 25.08.2026 को सूचीबद्ध किया जावे।

(UMA SHANKER VYAS),J

33/Nitin Jagtiani